ॐ जय अम्बे गौरी (आरती)

Om Jai Ambe Gauri

Source: Internet Archive — Grihasth-Dharm, compiled by Mansukhray Mor, 5th edition, Calcutta (1950), scan leaves 524–525 / printed pages १६६–१६७: अथ श्री दुर्गाजी की आरती (dated comparison witness). Also compared: Columbia University Hindu Students Organization — Bhajan Book; Sanskrit Documents — Durga Chalisa and Jai Ambe Gauri (research comparison only).

VERSE 1

ॐ जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी।
तुमको निसदिन ध्यावत, हरि ब्रह्मा शिवरी॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Om Jai Ambe Gauri, Maiya Jai Shyama Gauri |
Tumko Nisdin Dhyavat, Hari Brahma Shivari ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 2

माँग सिन्दूर विराजत, टीको मृगमद को।
उज्ज्वल से दोउ नैना, चन्द्रवदन नीको॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Maang Sindoor Virajat, Teeko Mrigamad Ko |
Ujjval Se Dou Naina, Chandravadan Neeko ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 3

कनक समान कलेवर, रक्ताम्बर राजै।
रक्तपुष्प गलमाला, कण्ठन पर साजै॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Kanak Saman Kalevar, Raktambar Rajai |
Raktapushpa Galamala, Kanthan Par Sajai ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 4

केहरि वाहन राजत, खड्ग खप्पर धारी।
सुर-नर-मुनिजन सेवत, तिनके दुःखहारी॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Kehari Vahan Rajat, Khadga Khappar Dhari |
Sur-Nar-Munijan Sevat, Tinake Dukhahari ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 5

कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती।
कोटिक चन्द्र दिवाकर, सम राजत ज्योति॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Kanan Kundal Shobhit, Nasagre Moti |
Kotik Chandra Divakar, Sam Rajat Jyoti ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 6

शुम्भ-निशुम्भ बिडारे, महिषासुर घाती।
धूम्र विलोचन नैना, निशिदिन मदमाती॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Shumbha-Nishumbha Bidare, Mahishasura Ghati |
Dhumra Vilochana Naina, Nishidin Madamati ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 7

चण्ड-मुण्ड संहारे, शोणितबीज हरे।
मधु-कैटभ दोउ मारे, सुर भयहीन करे॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Chanda-Munda Samhare, Shonitabeeja Hare |
Madhu-Kaitabha Dou Mare, Sur Bhayaheen Kare ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 8

ब्रह्माणी रुद्राणी, तुम कमला रानी।
आगम-निगम बखानी, तुम शिव पटरानी॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Brahmani Rudrani, Tum Kamala Rani |
Agama-Nigama Bakhani, Tum Shiva Pataranii ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 9

चौंसठ योगिन गावत, नृत्य करत भैरू।
बाजत ताल मृदंगा, अरु बाजत डमरू॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Chaunsath Yogin Gavat, Nritya Karat Bhairu |
Bajat Taal Mridanga, Aru Bajat Damaru ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 10

तुम हो जग की माता, तुम ही हो भर्ता।
भक्तन की दुःख हरता, सुख-सम्पत्ति करता॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Tum Ho Jag Ki Mata, Tum Hi Ho Bharta |
Bhaktan Ki Dukh Harta, Sukh-Sampatti Karta ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 11

भुजा चार अति शोभित, वर-मुद्रा धारी।
मनवांछित फल पावत, सेवत नर-नारी॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Bhuja Char Ati Shobhit, Vara-Mudra Dhari |
Manavanchhit Phal Pavat, Sevat Nar-Nari ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 12

कंचन थाल विराजत, अगर कपूर बाती।
श्रीमालकेतु में राजत, कोटि रतन ज्योति॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Kanchan Thal Virajat, Agar Kapoor Bati |
Shrimalaketu Mein Rajat, Koti Ratan Jyoti ||
Om Jai Ambe Gauri ||

VERSE 13

श्री अम्बेजी की आरती, जो कोई नर गावै।
कहत शिवानन्द स्वामी, सुख-सम्पत्ति पावै॥
ॐ जय अम्बे गौरी॥

Shri Ambeji Ki Aarti, Jo Koi Nar Gavai |
Kahat Shivanand Swami, Sukh-Sampatti Pavai ||
Om Jai Ambe Gauri ||